**आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)**
**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 शुक्रवार** **दिनांक 20.12.2024**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः–**

- **राज्य विधानसभा का शीतकालीन सत्र आज संपन्न हो गया है।**
- **आज नवा रायपुर में नया गति शक्ति रेल मल्टी मॉडल कार्गो टर्मिनल का हुआ शुभारंभ।**
- **नारायणपुर जिले में माओवादियों द्वारा किए गए आईईडी विस्फोट से दो जवान घायल।**
- **आगामी तेईस दिसंबर को आरंग स्थित सीआरपीएफ कैम्प के साथ देशभर के पैंतालीस स्थानों में रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा।**

**विस–समाचार–01**

छत्तीसगढ़ विधानसभा के शीतकालीन सत्र का आज समापन हो गया है। सोलह से बीस दिसंबर तक चले इस सत्र के दौरान कुल चार बैठकें हुईं। सत्र के अंतिम दिन आज शून्यकाल के दौरान कांग्रेस विधायकों द्वारा प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर स्थगन प्रस्ताव लाया गया, जिसे उपमुख्यमंत्री और गृहमंत्री विजय शर्मा के वक्तव्य के बाद विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह ने अग्राह्य कर दिया। स्थगन प्रस्ताव की ग्राह्यता पर चर्चा के दौरान सत्ता पक्ष और विपक्ष की तीखी नोंकझोंक हुई। शोरशराबे के बीच विधानसभा अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही पांच मिनट के लिए स्थगित कर दी। सदन की कार्यवाही दोबारा शुरू होने पर कांग्रेस विधायक उमेश पटेल और अन्य कांग्रेस विधायक विधानसभा अध्यक्ष से स्थगन प्रस्ताव को ग्राह्य करने की मांग करते हुए गर्भगृह में पहुंचकर नारेबाजी करने लगे। विधानसभा के नियम के अनुसार गर्भगृह में पहुंचे विपक्षी विधायक विधायक स्वमेव निलंबित हो गए। बाद में विधानसभा अध्यक्ष ने सभी कांग्रेस विधायकों के निलंबन को समाप्त कर दिया। लेकिन कांग्रेस विधायकों ने विधानसभा परिसर स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा के पास धरना दिया और सदन की शेष बची कार्यवाही में हिस्सा नहीं लिया। भाजपा विधायक धरमलाल कौशिक ने सदन में आज ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के जरिए पिछली राज्य सरकार के दौरान दवा खरीदी में वित्तीय अनियमितता का मामला उठाया। इस पर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कॉर्पोरेशन द्वारा की गई दवाओं की खरीदी में वित्तीय अनियमितताओं की जांच आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो–ईओडब्ल्यू से कराने की घोषणा की।

**विस समाचार–02**

प्रश्नकाल के दौरान कांग्रेस विधायक लखेश्वर बघेल ने आदिवासी क्षेत्रों में आश्रम–छात्रावास और पोटोकेबिन में बच्चों की मौत का मामला उठाया। अपने लिखित जवाब में मंत्री रामविचार नेताम ने बताया कि बीते बारह महीनों में अलग–अलग कारणों से चौदह बच्चों की मौत हुई है। इस पर श्री बघेल ने कहा कि इस वर्ष में पच्चीस से तीस बच्चों की मौत हो चुकी है। उन्होंने बताया कि उनके पास इसकी पूरी सूची है। इस पर मंत्री श्री नेताम ने सभी मामलों की जांच कराने की घोषणा की और कहा कि जो भी दोषी पाया जाएगा। उस पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

विधानसभा में आज उपमुख्यमंत्री और पंचायत तथा ग्रामीण विकास मंत्री विजय शर्मा ने छत्तीसगढ़ पंचायत राज संशोधन अध्यादेश–दो हजार चौबीस को सदन के पटल पर रखा। वहीं, भाजपा सदस्य अजय चंद्राकर द्वारा प्रस्तुत अशासकीय संकल्प, जिसमें प्रदेश में स्थापित पोहा उद्योगों पर मंडी शुल्क दो रूपए प्रति सैकड़ा के स्थान पर एक प्रतिशत यानि एक रूपए लेने का प्रस्ताव किया गया था, को ग्राह्य कर लिया गया।

**विस समाचार–03**

विधानसभा सत्र के समापन अवसर पर दिए गए अपने उद्बोधन में विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह ने बताया कि इस सत्र में विनियोग विधेयक सहित सात विधेयकों की सूचना प्राप्त हुई और सभी विधेयक चर्चा के बाद पारित हो गए। सत्र के दौरान चार बैठकों में सदन में करीब इक्कीस घंटे चर्चा हुई। एक स्थगन प्रस्ताव की सूचना की ग्राह्यता पर भी चर्चा कराई गई। इसके अलावा अशासकीय संकल्पों की दो सूचनाओं पर भी सदन में चर्चा हुई। विधानसभा अध्यक्ष ने बताया कि विधानसभा का अगला सत्र बजट सत्र होगा, जो अगले वर्ष फरवरी महीने में संभावित है। इसके बाद सदन की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई।

**रेल–टर्मिनल**

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर रेलमंडल के अंतर्गत आज नवा रायपुर में नया गति शक्ति रेल मल्टी मॉडल कार्गो टर्मिनल का शुभारंभ किया गया। यह कार्गो टर्मिनल हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कारपोरेशन लिमिटेड द्वारा निर्मित किया गया। इस टर्मिनल के बनने से प्रदेश में उद्योग से निवेश को बढ़ावा मिलेगा साथ ही परिवहन के लिए माल–वस्तुओं की हैंडलिंग आसान और सुरक्षित होगी।

**मंडी शुल्क–छूट**

राज्य सरकार ने दलहन, तिलहन और गेहूं पर मंडी शुल्क और कृषक कल्याण शुल्क में तेरह मार्च दो हजार चौबीस से इकतीस मार्च दो हजार छब्बीस तक पूर्ण छूट प्रदान की है। छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने इस महत्वपूर्ण निर्णय के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आभार व्यक्त किया है।

**राज्यपाल–अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन**

राज्यपाल रमेन डेका आज रायपुर स्थित पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय में आयोजित भौतिक विज्ञान की अंतर्राष्ट्रीय अकादमी के इकतीसवें सम्मेलन में शामिल हुए। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि दुनिया आज पर्यावरणीय, तकनीक और सामाजिक चुनौतियों से जूझ रही है। इस अवसर पर राज्यपाल ने पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के एनालॉटिकल इंस्ट्रूमेंट लेबोरेटरी और नवप्रवर्तन प्रौद्योगिकी और उद्यमिता फाउंडेशन का उद्घाटन तथा शब्दकोश का विमोचन भी किया।

**रोजगार मेला**

केन्द्र सरकार द्वारा तेईस दिसंबर को देश के पैंतालीस स्थानों पर दूसरे चरण के रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। इसमें केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में चयनित युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे। रायपुर के आरंग स्थित केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के केन्द्र में भी रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में केन्द्रीय आवास और शहरी राज्य मंत्री तोखन साहू शामिल होंगे। इस दौरान केन्द्र सरकार और अन्य विभागों के विभागाध्यक्षों द्वारा चार सौ से अधिक केन्द्रीय सशस्त्र बलों और अन्य विभागों में चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए जाएंगे।

**जवान घायल**

नारायणपुर जिले में माओवादियों द्वारा किए गए आईईडी विस्फोट से दो जवान घायल हो गए हैं। और जानकारी दे रहे हैं हमारे नारायणपुर संवादाता –

**नारायणपुर जिले के कोहकामेटा स्थित पुलिस कैम्प कच्चापाल से डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड डीआरजी और सीमा सुरक्षा बल–बीएसएफ के जवानों की संयुक्त टीम सर्चिंग के लिए निकली थी। आज सुबह ग्राम कच्चापाल से तीन किलोमीटर दूर मार्ग में माओवादियों द्वारा आईईडी ब्लास्ट किया गया। इस घटना में डीआरजी के दो जवान– आरक्षक जनक पटेल और आरक्षक घासीराम मांझी घायल हो गए, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल लाया गया था। घायल जवानों को बेहतर उपचार के लिए रायपुर एयरलिफ्ट किया गया है।**

**आकाशवाणी समाचार के लिए नारायणपुर से मैं प्रमोद पोटाई**

**परीक्षा पे चर्चा**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के **'परीक्षा पे चर्चा'** का आठवां संस्करण इस वर्ष नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों, शिक्षकों और पालकों को परीक्षा संबंधी तनाव कम करने और शिक्षा को एक सकारात्मक अनुभव बनाने के उद्देश्य से हर साल आयोजित किया जाता है। इस वर्ष छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में 'परीक्षा पे चर्चा' में अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए व्यापक प्रचार–प्रसार की योजना तैयार की गई है। स्कूल शिक्षा सचिव सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी ने सभी जिला कलेक्टरों को निर्देश दिए हैं कि सभी स्कूल इस कार्यक्रम की जानकारी विद्यार्थियों, शिक्षकों और पालकों तक पहुंचाना सुनिश्चित करें। सभी स्कूल हैशटैग पीपीसी–दो हजार पच्चीस का उपयोग कर स्वयं के पोस्टर, क्रिएटिव वीडियो तैयार कर साझा करें। चयनित क्रिएटिव को माईजीओवी प्लेटफॉर्म पर प्रदर्शित किया जाएगा।

**'परीक्षा पे चर्चा'** के तहत प्रतियोगिता का आयोजन शिक्षकों, विद्यार्थियों और पालकों के लिए चौदह दिसंबर से अगले वर्ष चौदह जनवरी तक किया जा रहा है। प्रतियोगिता में बहुविकल्पीय प्रश्न माईजीओवी प्लेटफॉर्म पर पूछे जाएंगे। सभी प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट प्रदान किया जाएगा और चयनित प्रतिभागियों को प्रधानमंत्री के साथ संवाद करने का अवसर मिलेगा।

**बातों–बातों में**

श्रोताओं, प्रादेशिक समाचार एकांश का समसामयिक विषयों पर आधारित कार्यक्रम ''बातों–बातों में'' के तहत केन्द्रीय आयुष मंत्रालय द्वारा चलाए जा रहे ''देश का प्रकृति परीक्षण **अभियान पर आयुष काउंसिल छत्तीसगढ़ के रजिस्ट्रार डॉक्टर संजय शुक्ला से** ली गई भेंटवार्ता का प्रसारण किया जाएगा। यह कार्यक्रम कल इक्कीस दिसंबर को सुबह साढ़े दस बजे आकाशवाणी केंद्र रायपुर से प्रसारित होगा। इसे छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केंद्र रिले करेंगे।

**मौसम**

प्रदेश में कल इक्कीस दिसंबर को बिलासपुर, रायपुर और बस्तर संभाग के एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने की संभावना है। बंगाल की खाड़ी में बने अवदाब के असर से दक्षिण छत्तीसगढ में बादल छाए हुए हैं। इसके असर से न्यूनतम तापमान में वृद्धि होगी और ठंड कम होने के आसार है। मौसम विभाग के अनुसार बाईस दिसंबर से न्यूनतम तापमान में एक बार फिर गिरावट होने की सम्भावना है।

**संक्षिप्त समाचार**

– मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मुख्य आतिथ्य में कल शाम रायपुर स्थित पंडित जवाहर लाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय के अटल बिहारी वाजपेयी ऑडिटोरियम में काया कल्प स्वच्छ अस्पताल योजना के अंतर्गत राज्य स्तरीय पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया जाएगा।

– प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत राज्य के 18 लाख आवासहीन परिवारों को पक्के मकान देने के लिए वित्त विभाग ने केंद्र और राज्यांश मिलाकर दो हजार पांच सौ साठ करोड़ रुपये की राशि हितग्राहियों को अंतरित करने के लिए जारी कर दी है।

– राज्यपाल रमेन डेका से राजभवन में वनवासी कल्याण आश्रम रायपुर के प्रतिनिधि मंडल ने मुलाकात कर जनजातीय विषयों से संबंधित पुस्तकें भेंट की।

– राज्य शासन द्वारा प्रदेश के बच्चों को दिये जाने वाले राज्य वीरता पुरस्कार के लिए दो जनवरी तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इसके तहत पांच बालक–बालिकाओं को पच्चीस–पच्चीस हजार रुपए और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा।

– उप मुख्यमंत्री अरुण साव से मुलाकात के बाद नगरीय निकायों में कर्मचारियों और सफाई कर्मचारियों ने अपनी हड़ताल समाप्त कर दी है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>